दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 346 मुरादाबाद 18April 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## गोरखपुर में सीएम योगी ने अधिकारियों को चेताया, बख्शे नहीं जाएंगे भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी



गोरखपुर-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 900 करोड़ रुपये के खर्च से गोमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर बन रहे गोड़धोइया नाला को इस तरह विकसित करने के लिए कहा है कि जलनिकासी में कोई व्यवधान भी न आए और सड़क पर हरियाली भी नजर आए। कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए सीएम योगी ने चेतावनी दी कि अगर भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो कार्रवाई भी कड़ी होगी। निर्माणाधीन सैनिक स्कूल पहुंचे मुख्यमंत्री ने मार्च 2023 तक निर्माण पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगले सत्र से यहां पढ़ाई शुरू हो जानी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों संग बैठक कर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की।


### सैनिक स्कूल के निर्माण का किया निरीक्षण

दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले खाद कारखाना परिसर स्थित निर्माणाधीन सैनिक स्कूल पहुंचे। एकेडमिक ब्लाक का निर्माण शुरू होने की जानकारी मिलने पर सीएम योगी ने छात्रावास और स्टाफ आवास का निर्माण कार्य भी शुरू कराने के निर्देश दिए, जिससे कि अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों का नामांकन कर यहां पढ़ाई शुरू कराई जा सके। उन्होंने जिलाधिकारी को गुणवत्ता की जांच कराने का निर्देश देते हुए कहा कि सीमेंट, बालू व मौरंग की मात्रा व गुणवत्ता की भी जांच करें। सीमेंट कहां से आ रहा है। कौन दे रहा है। इस पर भी नजर रखने की जरूरत है। निर्माण कार्य को लेकर यह सही समय है। इस समय जितना तेजी से कार्य होगा, उतना ही समय से पूरा होगा।

### नाला निर्माण में ध्वस्त होंगे पांच सौ मकान

यहां से गोड़धोइया नाला का निरीक्षण करने बिछिया पहुंचे मुख्यमंत्री ने नाले की तल्लीझार सफाई के साथ इसे पक्का कर दोनों तरफ सात-सात मीटर चौड़ी सड़क बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि कहा कि आरकेबीके मोहद्दीपुर के सामने रेलवे लाइन के बगल की जगह को तालाब के रूप में विकसित कर ऐसा बनाएं कि बच?चों के लिए यहां मनोरंजन की व्यवस्था हो जाए। अधिकारियों ने बताया कि नाला निर्माण में तकरीबन पांच सौ मकान गिराए जाएंगे, जिसके लिए 750 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा। 150 करोड़ रुपये में नौ किलोमीटर लंबा पक्का नाला नाला और दोनों तरफ सड़क बनेगी। नगर आयुक्त ने उन्हें अब तक हुए कार्यों से अवगत कराया तो मुख्यमंत्री ने पार्षद को मौके पर बुलाकर कार्यों की जानकारी ली। यहां खेलते मिले ब%चों से भी मुख्यमंत्री ने संवाद किया।

## कोरोना में सरकार की लापरवाही से 40 लाख भारतीयों की हुई मौत; फर्ज निभाईए मोदी जी-मुआवजा दीजिए: राहुल गांधी



कांग्रेस के सीनियर नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सरकार की लापरवाही के चलते कोरोना वायरस महामारी के दौरान 40 लाख भारतीयों की मौत हुई। साथ ही उन्होंने सभी मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने की एक बार फिर से मांग की। राहुल ने ट्विटर पर न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि भारत दुनियाभर में कोविड से हुई मौत के आंकड़े सार्वजनिक करने के विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के प्रयासों में बाधा डाल रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्वीट में कहा कि मोदी जी ना सच बोलते हैं, ना बोलने देते हैं। वो तो अब भी झूठ बोलते हैं कि ऑक्सीजन की कमी से कोई नहीं मरा! राहुल ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था- कोविड के दौरान सरकार की लापरवाही के कारण पांच लाख नहीं, बल्कि 40 लाख भारतीयों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि फर्ज निभाईये, मोदी जी-हर पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये का मुआवजा दीजिए।

### देश में कोरोना से मौतों की संख्या को लेकर बहस

उल्लेखनीय है कि भारत ने देश में कोविड-19 मृत्यु दर का आकलन करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की पद्धति पर शनिवार को सवाल उठाए। सरकार ने कहा था कि इस तरह के गणितीय मॉडल का इस्तेमाल इतने विशाल भौगोलिक आकार और जनसंख्या वाले देश में मृत्यु के आंकड़ों का अनुमान लगाने में नहीं किया जा सकता। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 16 अप्रैल को प्रकाशित न्यूयॉर्क टाइम्स के भारत वैश्विक कोविड मृतक संख्या सार्वजनिक करने के डब्ल्यूएचओ के प्रयास बाधित कर रहा है शीर्षक वाले आलेख के जवाब में यह कहा है। मंत्रालय ने कहा कि देश ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अपनाई जाने वाली पद्धति पर कई बार अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं।

WWW.KNLSLIVE.COM

## उपचुनाव में भाजपा की हार में अखिलेश यादव को दिखा बड़ा संकेत, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को दी बधाई



लखनऊ- यूपी विधानसभा चुनाव और फिर विधान परिषद चुनाव में हार का सामना करने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) को मिली हार और तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) की जीत पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा है कि उपचुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की हार में बड़ा संकेत है। सपा चीफ अखिलेश यादव ने रविवार को ट्विटर पर अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा के साथ तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बधाई दी है। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि %टीएमसी के प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा ने आसनसोल लोकसभा से तीन लाख से भी अधिक वोटों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी को हराकर जो ऐतिहासिक जीत हासिल की है। उसके लिए उन्हें और ममता बनर्जी के कुशल नेतृत्व को हार्दिक बधाई। भाजपा का विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटें हारना बड़ा संकेत है। बता दें कि चार राज्यों में हुए लोकसभा की एक और विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी है। शनिवार को हुई मतगणना में पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा और बालीगंज विधानसभा सीटें तृणमूल कांग्रेस ने बड़े अंतर से जीती है। वहीं, बिहार की बोचहां विधानसभा सीट राजद और महाराष्ट्र की कोल्हापुर उत्तर एवं छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ विधानसभा सीटें कांग्रेस की झोली में गई हैं। इन सीटों पर 12 अप्रैल को वोट पड़े थे। आसनसोल लोकसभा सीट तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा से छीनी है। यहां से तृणमूल प्रत्याशी पूर्व भाजपाई शत्रुघ्न सिन्हा ने भाजपा की अग्निमित्रा पॉल को तीन लाख से अधिक वोटों से हराया। सिन्हा करीब तीन साल बाद फिर से लोकसभा में कदम रखेंगे। 2019 में भाजपा ने सिन्हा को टिकट नहीं दिया था जिसके बाद वह पहले कांग्रेस और फिर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए। आसनसोल सीट भाजपा सांसद रहे बाबुल सुप्रियो के इस्तीफे से खाली हुई थी। सुप्रियो ने तृणमूल के टिकट पर पश्चिम बंगाल की बालीगंज विधानसभा सीट पर माकपा की सायरा शाह हलीम को 20 हजार से अधिक वोटों से हराया। भाजपा की केया घोष यहां तीसरे स्थान पर रहीं। यह सीट पहले भी तृणमूल कांग्रेस के पास ही थी।

www.knlslive.com

# प्राथमिक विद्यालय के गेट पर सब्जी दुकानदारों का अवैध कब्जा अधिकारी बेखबर

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- सिरसिया में स्थित प्राथमिक विद्यालय के गेट पर सब्जी दुकानदारों का अवैध अतिक्रमण हमेशा बना रहा है जिससे विभागीय अधिकारी बेखबर आपको बताते चलें कि सिरसिया बाजार में स्थित प्राथमिक विद्यालय के गेट पर सब्जी दुकान का अवैध तरीके से दुकान लगाते हैं जिससे कभी भी विद्यालय से निकल रहे बच्चों के साथ बड़ा हादसा हो जाए इसका आसार बना रहता है लेकिन स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा ना ही तो सभी दुकानदारों को हटवाया जाता है और ना ही कोई विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी अब तक दी गई है

अगर माने तो स्कूल के समय बच्चे अगर घर की तरफ आ रहे हैं तो गेट पर सब्जी की दुकान होने के कारण रोड पर निकल रहे वाहन नहीं दिखते हैं जिससे बच्चों के साथ कभी भी बड़ा हादसा हो जाने की आशंका बनी होती है और कई अभिभावकों से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि कभी भी बच्चों के साथ बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन जो स्कूल के प्रधानाध्यापक हैं उनके द्वारा सब्जी की दुकानें नहीं हटाई जाती है जिससे हम लोगों को बच्चों की प्रति लगातार आशंका बनी होती है कभी भी बच्चे रोड क्रास करते समय वाहन से उनके साथ बड़ी दुर्घटना हो सकती है इस संबंध में जब सिरसिया जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए ठेले को हटवाने का प्रयास किया जायेगा अगर दुकानदार गेट के सामने से ठेले नहीं हटाते हैं तो इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाएगी।।

# धनीपुर क्षेत्र में पेयजल एवं जनता की समस्याओं का नगर निगम अति शीघ्र समाधान करें – ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-भाजपा किसानमोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि हर क्षेत्र में पानी की किल्लत काफी गहरा गई है क्षेत्र की जनता ने इस संबंध में शिकायत की है क्योंकि महानगर के क्षेत्र में सरकारी हेड पंप अधिकांश खराब पड़े हैं इनकी जानकारी नगर निगम को कई बार दी जा चुकी है अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है जनता पीने के पानी के लिए काफी परेशान हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि जितनी भी महानगर में पानी की किल्लत आ रही है इसके लिए मेयर खुद जिम्मेदार हैं क्योंकि मेयर ने इस समस्या की तरफ अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है हर बात मीडिया में छप रही है उसके बावजूद भी मेयर के कान में जूं तक नहीं रेंग रेंग रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि धनीपुर क्षेत्र पूरा महानगर की सीमा में 3 वर्षों से है सारे हैंडपंप खराब पड़े हैं नगर निगम ने इन हैंडपंपों की री बोरिंग नहीं हुई है धनीपुर क्षेत्र के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं सरकारी हैंड पंप काफी लंबे समय से खराब पड़े हैं इसकी शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से भी की गई है लेकिन अभी तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ है पानी की समस्या की आड़ में जनता का उत्पीड़न कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि दूसरी समस्या नाली एवं सड़कों की है धनीपुर क्षेत्र में नगर निगम से कोई विकास कार्य अभी तक नहीं हुआ है

कई गली विकास कार्य से वंचित है पानी निकासी का कोई साधन नहीं है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि अति शीघ्र पेयजल एवं सड़कों की समस्या का धनीपुर में समाधान नहीं हुआ इसकी शिकायत उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी माननीय नगर विकास मंत्री जी से की जाएगी लापरवाह अधिकारियों की सीधी शिकायत लिखित में भेजी जाएगी


# 04 वारण्टी गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय व पुलिस टीम के द्वारा 04 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी का नाम पता- 1. वित्तन पुत्र बुधई सा0 कोड़री थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती 2. मो0 उमर सा0 पटखौली कला थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती 3.रामचन्द्र पुत्र घसीटे सा0 गुटुहरू थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती 4. रामसूरत पुत्र राजाराम सा0 बढ़ईपुरवा दा0 जानकीनगर थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती

# ट्रक और कैंटर में आमने-सामने की भिड़ंत एक की मौत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के बोनेर हाईवे पर दो ट्रकों में आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें 1,लोगों की मौके पर मौत हो गई पूरा मामला थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के बोनेर चौराहे का है जहां एक तरफ से कानपुर से आ रहे ट्रक सामने से आ रही कैंटर दोनों में आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें धर्मेंद्र पुत्र गिरजा शंकर निवासी लोनिया उम्र 21 वर्ष की मौके पर मौत हो गई ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को तड़पता देख राहगीरों की मदद से हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा मृतक के घर में रो रो कर बुरा हाल

# दो हत्यारोपी गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जां रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशवचन्द गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी इकौना महेन्द्र पाल शर्मा के कुशल के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय मय हमराही टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मु0अ0स0 32/2022 धारा 302, 201 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गण 1.प्रधाने उर्फ दयाराम पुत्र झलूसे 2. अड्डे उर्फ कमलेश पुत्र स्व0 जगदीन निवासीगण मौहारी दा0 भौसावां थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को ग्राम गिलौला से बहराइच रोड भौसावां मोड़ से किया गया। रामजियावन पुत्र रामउदित निवासी कुम्हारनपुरवा चौगोई थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती ने थाना गिलौला पर सूचना दिया था कि उनकी बेटी की शादी 18 वर्ष पूर्व प्रधाने उर्फ दयाराम पुत्र झलूसे सा0 मौहारी दा0 भौसावां थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती के साथ किया था रात में प्रधाने उर्फ दयाराम पुत्र झलूसे व अड्डे उर्फ कमलेश पुत्र जगदीन निवासी मौहारी दा0 भौसावां थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती द्वारा हत्या कारित कर दिया गया है। इस सूचना के आधार पर थाना गिलौला में मु0अ0सं0 32/2022 धारा 302/201 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। मुखबिर की सूचना पर गिलौला-बहराइच रोड पर भौसावां मोड से अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

# डॉ संजय अलंग की वार्ता का प्रसारण 20 अप्रैल को

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- सरगुजा संभाग की 1857 की क्रांति में योगदान विषय पर कमिश्नर बिलासपुर एवं इतिहासकार डॉ संजय अलंग की वार्ता का प्रसारण 20 अप्रैल को रायपुर दूरदर्शन से किया जायेगा। यह वार्ता 20 अप्रैल बुधवार को शाम 6 बजे डीडी फ्री डिश एवं डिश टीवी के चैनल नम्बर 718 पर प्रसारित होगा। प्रसारण के बाद इसे यू ट्यूब पर भी देखा जा सकेगा। रायपुर दूरदर्शन की टीम ने इस संदर्भ में डॉ अलंग से वार्ता की रिकार्डिंग का काम शनिवार को पूर्ण कर लिया है। गौरतलब है कि डॉ अलंग ने छत्तीसगढ़ की इतिहास, संस्कृति और जन-जीवन पर आधारित कई किताबें लिखी हैं। उन्हें उत्कृष्ट एवं शोधपरक लेखन कार्य के लिए अनेक पुरस्कारों से नवाज़ा भी गया है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हमारे नगर गौरेला में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला- शोभायात्रा ब्रम्हचारी तालाब स्थित शिव मंदिर से आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गयी, शोभायात्रा ब्रम्हचारी तालाब स्थित शिव मंदिर से गांधी चौक ,कमानिया गेट , रेस्ट हाउस से होते हुए आशीष चश्मा घर से मंगली बाजार फिर पुन: गांधी चौक होते हुए साईं मंदिर से संजय चौक पहोंची एवं वहां भव्य महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा के दौरान प्रत्येक मंदिर एवं विशेष स्थानों में महिला मंडल सनातन प्रेमियों द्वारा आरती की गयी, सभी नगर वाशी उत्साह के साथ ये पर्व को मनाया गया, पूरा नगर जय श्रीराम के आवाज से गूंजता रहा।

# कमान संभालते ही एक्शन में दिखे कप्तान, थानों का निरीक्षण

मुरादाबाद- नवागत एसएसपी हेमंत कुटियाल जिले की कमान संभालते ही एक्टिव मोड में दिखे। शनिवार देर रात कार्यभार ग्रहण करके वह सीधे कटघर की दस सराय पुलिस चौकी पर पहुंचे और वहीं अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक ली। रविवार को छुट्टी के बावजूद ऑफिस में पहुंचे और निरीक्षण किया। बाद में सिविल लाइंस थाना, महिला थाना और यूपी डायल 112 के ऑफिस में भी व्यवस्था जांचने पहुंचे।शासन ने दो दिन पहले ही 14 आईपीएस अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की थी। इसमें 2011 बैच के आईपीएस हेमंत कुटियाल को एसएसपी बलरामपुर से एसएसपी मुरादाबाद बनाया गया। शनिवार देर रात उन्होंने मुरादाबाद पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। चार्ज लेने के बाद सीधे फील्ड में निकल गए। रात में ही करीब दो बजे कटघर थाना के दस सराय पुलिस चौकी पर पहुंचे और वहीं पर एसीप सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी ट्रैफिक अशोक कुमार और एसपी देहात विद्या सागर मिश्र व सीओ कटघर आशुतोष तिवारी को बुलाकर बैठक ली। इसके बाद रविवार को छुट्टी के बाद भी अपने ऑफिस पहुंच गए। ऑफिस में उन्होंने औपचारिक रूप से चार्ज लेने के बाद कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में पहुंच कर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। करीब तीन घंटे तक ऑफिस में बैठने के बाद एसएसपी दोपहर के समय सिविल लाइंस थाने पर पहुंचे। वहां कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात और बैरक का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क में रजिस्टर चेक करने के साथ ही एक फरियादी को कॉल करके उससे फीड बैक भी लिया। इसी तरह महिला थाना और यूपी डायल 112 सेवा काभी निरीक्षण कर अभिलेखों को चेक किया।

## पहले भी मुरादाबाद जिले में रह चुके हैं हेमंत कुटियाल

मूल रूप से उत्तराखंड के देहरादून निवासी आईपीएस हेमंत कुटियाल इससे पहले भी मुरादाबाद जिले में सेवा दे चुके हैं। दरअसल यूपीएससी की परीक्षा पास कर ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 19 दिसंबर 2011 को यूपी पुलिस का हिस्सा बने थे। उनके पिता एमएस कुटियाल भी प्रशासनिक सेवा में रह चुके हैं। जबकि छोटा भाई निजी कंपनी में सेवारत है। आईपीएस हेमंत कुटियाल को श्रावस्ती जिले से पहली बार कप्तानी मिली थी। इसके बाद वह संतकबीरनगर, हापुड़, चंदौली और






बलरामपुर में भी एसएसपी की कमान संभाल चुके हैं। इससे पहले 2017 में मुरादाबाद में पीएसी कमांडेंट के रूप में भी सेवा दे चुके हैं। एसडीआरएफ के गठन के साथ ही उसकी कमान संभाल चुके हैं।

## शिकायत निराकरण और क्राइम कंट्रोल को बताया प्राथमिकता

मीडिया से बातचीत में एसएसपी हेमंत कुटियाल ने कहा कि हम पुलिस में सेवा के लिए आए हैं इसलिए पब्लिक को अच्छी सेवा देना हमारी प्राथमिकता में है। किसी भी शिकायतकर्ता को बार-बार भटकना न पड़े इसकी व्यवस्था की जाएगी। यह भी कहा कि गौहत्या, नशे की तस्करी, सट्टेबाजी के साथ ही चोरी और लूट जैसी वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। गिरोहबंद अपराधों पर नकेल कसी जाएगी। यह भी कहा कि दिल्ली हिंसा के बाद से पुलिस हाई अलर्ट पर है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों के आसपास सतर्कता बढ़ाई गई है। बिना अनुमति कोई भी आयोजन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने साइबर अपराध पर काम करने पर भी जोर दिया। जिले में घटित पुरानी वारदातों और लंबित विवेचनाओं को भी गुणवत्तापूर्वक पूरा कराने का निर्देश दिया है। एसएसपी ने डॉ. शैली हत्याकांड, हरपालनगर डबल मर्डर, कुशांक हत्याकांड पर भी काम करने की बात कही। इसके साथ ही विकास भवन के कृषि विभाग में लाइसेंस घोटाला, ठाकुरद्वारा सॉल्वर गैंग की जांच भी प्रभावी तरीके से कराने की बात कही।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# पीड़ा के अमर गायक थे रामावतार त्यागी



मुरादाबाद- साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से स्मृतिशेष रामावतार त्यागी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राजीव गांधी व संजय गांधी की हिन्दी स्पीकिंग क्लास के लिए राम अवतार त्यागी को निजी शिक्षक नियुक्त किया था। चर्चा में शामिल साहित्यकारों ने कहा कि रामावतार त्यागी पीड़ा के अमर गायक थे। उनके गीत मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित तथा जन्दिगी और बता तेरा इरादा क्या है पूरे देश में लोकप्रिय हैं। डॉ मनोज रस्तोगी ने बताया कि 8 जुलाई 1925 को संभल के कुरकावली गांव में जन्में राम अवतार त्यागी का पहला काव्य संग्रह वर्ष 1953 में नया खून नाम से प्रकाशित हुआ। इसके बाद आठवां स्वर , मैं दिल्ली हूं, सपने महक उठे, गुलाब और बबूल, गाता हुआ दर्द, लहू के चंद कतरे, गीत बोलते हैं काव्य संग्रह और उपन्यास समाधान प्रकाशित हुआ। 1957 में उनकी कृति चरित्रहीन के पत्र% पाठकों के समक्ष आई । उनका निधन 12 अप्रैल 1985 को हुआ। अन्य वक्ताओं में डॉ मक्खन मुरादाबादी, त्यागी अशोका कृष्णम, श्रीकृष्ण शुक्ल, डॉ प्रेमवती उपाध्याय, रवि प्रकाश, हेमा तिवारी भट्ट, मीनाक्षी ठाकुर, राजीव प्रखर, वैशाली रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, राजीव कुमार भृगु, रेखा रानी, मनोरमा शर्मा, डॉ शोभना कौशिक, अतुल कुमार शर्मा, नकुल त्यागी, राहुल त्यागी, अमन कुमार त्यागी, ओंकार सिंह विवेक, पवन त्यागी आदि समेत इंडोनेशिया, मुंबई, अमरोहा, गजरौला, रामपुर आदि से वक्ता शामिल रहे।

# बिलारी में धूमधाम से निकाली जाएगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

मुरादाबाद-नगर में अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा के आवास पर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें भगवान परशुराम की जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा भगवान परशुराम की जयंती परंपरागत तौर पर निकालने को लेकर जिम्मेदारियां भी सौंपी गई बैठक में भारी तादाद में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। रविवार को हुई अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच की बैठक में तय किया गया कि इस बार भगवान परशुराम की जयंती 3 मई को मनाई जाएगी। जिसमें भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। जो नगर के रायसत्ती मंदिर से शुरू होगी नगर के परंपरागत मार्गो से होकर पोड़ाखेड़ा मंदिर पर जाकर सभा में तब्दील होगी। इसके अलावा इस बार सर्वसम्मति से तय करके शोभायात्रा निकलने का समय भी परिवर्तित किया गया है। पहले शोभायात्रा सवेरे के वक्त निकाली जाती थी। इस बार शोभायात्रा की शुरुआत दोपहर को 3 बजे से होगी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी ।इसके अलावा भगवान महाकाल,राधा कृष्ण, राम दरबार,भगवान हनुमान, मां दुर्गा की झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनेगी। वही परशुराम वाहिनी निकाली जाएगी जोकि फरसा लेकर चलेगी। जिसकी जिम्मेदारी सचिन शर्मा को दी गई है। शोभायात्रा निकालने के लिए रसीद बुक भी तैयार की गई है। जिससे चंदा इकट्ठा होगा। शोभायात्रा में पहुंचने के लिए गांव-गांव तक संपर्क टोलियां बनाई गई है जो गांव में घूम कर लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण देंगी। प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में सभी को निमंत्रण दिया जाएगा। इसके साथ ही सामाजिक संगठन के लोगों को भी निमंत्रण देकर शोभायात्रा में आमंत्रित किया जाएगा ताकि शोभायात्रा को भव्य रुप दिया जा सके। इसके अलावा प्रशासन को भी सूचना दी गई है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा, ब्रह्मचारी पांडे ,राजीव शर्मा ,देवेश शर्मा एडवोकेट, सीतांशु दीक्षित,जगत नारायण शर्मा, दिनेश शर्मा, सूरज शर्मा, मुनेश शर्मा, सचिन शर्मा,राजीव शर्मा, पवन कुमार शर्मा, मेरादि श्रोत्रिय एडवोकेट, अनिल शर्मा, अवधेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Burden of justice

Speedy justice is the real justice and there should be full resources and adequate judges for speedy justice. Therefore, the gesture of the Chief Justice of our country is natural and welcome that there is a lot of burden on the judiciary and there will be sufficient number of courts, then only justice is possible. Since last year, the issue of vacant posts in the tribunal has been arising during the hearings in the Supreme Court of the country. The displeasure of the top court has also been coming to the fore. It is a serious matter in itself that the Chief Justice of the country has given his opinion many times regarding the deficiency in the judiciary. Addressing the Telangana State Judicial Conference 2022 on Friday, the Chief Justice said that the judiciary's infrastructure and recruitment to the vacant posts are the main issues of concern. Access to justice is possible only when we get sufficient number of courts. The government should see where is the bottleneck? The courts have favored the expansion of the judiciary in the past too, but the administration does not appear to be very alert. The burden on the Indian judiciary is not on any other judiciary in the world. Even now it is taking thirty- forty years for the cases to reach justice. Old cases are not getting settled quickly and new cases are increasing. It is a different matter that many cases are due to the shortcomings of the administration. There may have been a lot of reduction especially in non-criminal cases, but the working of the administration has not improved at the pace expected at the lower level. The paperwork of courts is also expanding continuously, hence delay in justice is a fact in most of the cases. Delay in justice benefits some people, but overall the image of the administration is tarnished. Justice or injustice in the eyes of the common people is ultimately the responsibility of the government. Yet no political party seems to be concerned about speedy justice. There is no outline in anyone's manifesto to ensure speedy justice. So, the complaint of our judges is justified. Can't our political parties promise speedy justice to the people? Isn't this a matter of public interest? Today, as much as the expansion of the judiciary is necessary, it is equally important that internal reforms with the passage of time. According to an estimate, the Supreme Court does not hear even 200 days in a year. The high courts work for about 210 days and the lower courts only about 245 days. About 73,000 cases are pending in the Supreme Court and about 4.40 crore cases are pending in all the courts of India. The number of cases is increasing every year. According to a strategy paper of NITI Aayog, it will take more than 324 years for the courts to resolve all the registered cases as of now. Thousands of cases are pending for thirty years. Therefore, sincere efforts are needed to lighten the burden of the judiciary and motivate it towards speedy justice. Speedy justice is also necessary for happiness and peace in the society and rule of law.

# Megan Markle gave her 3 lakh coat for the child, the fans said - the princess is the goddess of mercy

Prince Harry and his ex-wife, actress Meghan Markle were spotted together on Friday. Megan left Royal Life 2 years ago and shifted to North America, but recently her appearance won the hearts of fans. A video was recorded in which Megan was seen giving a woman her coat to cover up her child. Watching the video went viral on the internet and in a very short time it was also known that how much was the cost of this coat."gave his 3 lakh coat for the child"The coat that Megan gave to the woman to cover and handle the child was worth Rs 3 lakh. One person tweeted, 'It's so cute that Megan Markle gave her coat to the woman so that the woman's baby could be warm and not feel cold.' According to a news article, the cost of Megan's coat was Rs 3 lakh 8 thousand.'This video went viral on the Internet - Megan's video clicked by the paparazzi is going viral on social media. In one video, you can see Meghan Markle walking out the door. She is at the gate only when she sees this woman and she takes off her coat and drapes that woman's child. The woman comes out with the child and Megan goes back inside."There is a lot of praise on social media- In another video you can see Megan going with that woman. Megan is in a white outfit and this lady in blue clothes is walking with her hiding her child. People are praising Megan's behavior on social media and this video is being shared fiercely on fan pages. Let us tell you that Priyanka Chopra and Megan are very good friends.



# This contestant, who went shirtless in front of Ekta Kapoor, wants to hookup with Poonam Pandey

Actress Kangana Ranaut's reality show Lock Up has had a special episode on Saturday. The episode was attended by the show's producer Ekta Kapoor along with her brother Tusshar along with Divya Agarwal, Krystle D'Souza, Rohan Mehra and Krishna Kaul. On reaching the show, all these actors had a lot of fun with Kangana Ranaut and the contestants of Lock Up. At the same time, Ekta Kapoor gave the task to the contestants of Lock Up, Shivam Sharma. In this task, he asked Shivam to take off his clothes. During this, Shivam Sharma, while answering Ekta Kapoor's questions, told that he wants to hookup with Poonam Pandey. Actually Ekta Kapoor got the truth and dare task done in the episode of Lock Up. Dare to Shivam Sharma and asks her to take off her clothes. Shivam did this dare brilliantly and got a lot of praise by going shirtless. After this, Ekta Kapoor asked him many questions. Shivam Sharma was asked which of the female prisoners he would like to kill, marry and hookup. Responding to this in his own style, Shivam Sharma said that he would like to marry Payal Rohatgi as she cooks well. After this Shivam Sharma said that he would like to hookup with Poonam Pandey because she is very beautiful. On this, Ekta Kapoor praises her choice and says, 'Hookup with Poonam and marriage with Payal, life will be yours.



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## जिलाधिकारी,एसएसपी व सीडीओ ने जलेसर तहसील में सुनी जनसमस्याएं किया निस्तारण

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जनपद एटा जनता की समस्याओं, शिकायतों को शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के उपरांत जलेसर तहसील पहुँचकर डीएम अंकित कुमार अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह, सीडीओ डॉ, अवधेश कुमार वाजपेयी ने जनसमस्याओं को सुना। डीएम ने जन समस्याएं सुनते हुए मौजूद समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि माननीय मुख्यमंत्री जी एवं शासन स्तर से लगातार जन शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग की जा रही है, शिकायतों के निस्तारण के प्रति सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें। डीएम ने निर्देश दिए सभी अधिकारी अपने अपने कार्यालय में समय से बैठकर जनता की समस्याओं को सुनें। पेंशन सहित अन्य प्रकरणों में फार्म भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, शिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि गांव में रहने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। तहसील जलेसर में फरियादियो द्वारा कुल 35 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें से 5 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तहसील एटा सदर में एसडीएम शिव कुमार, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जनता की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 5 का निस्तारण किया गया। तहसील अलीगंज में एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एसडीएम मानवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी राज कुमार सिंह, तहसीलदार राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने जन समस्याओं को सुना। इस दौरान फरियादियो द्वारा 36 शिकायत निस्तारण हेतु प्रस्तुत की गई, जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर डॉ, अवधेश कुमार वाजपेयी, एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री, तहसीलदार अजीत कुमार, पीडीडीआरडीए निर्मल द्विवेदी, डीआईओएस मिथलेश कुमार, बीएसए संजय सिंह, डीएओ एमपी सिंह, एआर कॉपरेटिव महावीर सिंह, डिप्टी आरएमओ नन्द किशोर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आंधी से गेहूं के किसान बर्बाद मुआवजा के लिए एटा सदर तहसील में प्रदर्शन किया



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- तूफान / आंधी से गेहूं के किसान बर्बाद मुआवजा के लिए एटा सदर तहसील में प्रदर्शन किया एटा। कल दिनांक 15 अप्रैल 2022 को देर शाम आए तूफान / आंधी तेज चक्रवात से खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल उड़ जाने से काफी नुकसान हुआ है जिस बजह से किसान बड़ी संख्या में पूर्णरूपेण बर्बाद हो गए हैं तथा फलदार, छायादार वृक्ष भी उखड़कर एवं टूटकर खत्म हो गए हैं उक्त गंभीर समस्या को लेकर अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले क्षेत्र के किसान, नोजवानों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर शासन - प्रशासन से किसानों की भरपाई हेतु मुआवजा दिलाए जाने की मांग करते हुए कहा कि शासन - प्रशासन के द्वारा अतिशीघ्र मुआवजा न दिए जाने की स्थिति में अखिल भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी उक्त प्रदर्शनकारियों में से एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी सदर से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया जिस पर उन्होंने पीड़ित किसानों का सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा दिलाने आश्वासन दिया।

## हत्या करित के 03 आरोपीयों को आजीवन कारावास एवं 26250 रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से हत्या करित के 03 आरोपीयों को आजीवन कारावास एवं 26250 रुपए के जुर्माने की मिली सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 16.04.2022 को अभियुक्तगण 1. विजय सिंह पुत्र रामचंद्र 2.हीरालाल पुत्र रामप्रसाद 3. हकीम पुत्र तिलक सिंह निवासीगण नगला लछन थाना जलेसर जिला एटा संबंधित मुअस 166/02 धारा 307,302,323,336 भादवि थाना जलेसर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय एडीजे 8 कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को आजीवन कारावास एवं ? 26250 के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## संधिग्ध परिस्थिति में 19 वर्षीय युवक ने खुद को गोली मारी

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मृतक की मां रूबी यादव ने ने बताया 302 के केस में जनवरी मै हुई जमानत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत 19 वर्षीय युवक ने संधिग्ध संदिग्ध परिस्थिति में खुद को गोली मार ली मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के भगीपुर में पीपल वाली गली का आता है युवक का नाम नितिन यादव पुत्र अटल बिहारी यादव बताया जा रहा है निवासी ग्राम मेंहनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है मौके पर मृतक की मां रूबी यादव मिली हैं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है कि मेरा बेटा जनवरी में 302 के केस में बहाल हो के नाबालिक में जमानत होकर आया है अभी हम बाजार गए हुए थे अचानक आए तो रूम में लाश पड़ी मिली और जब आस पड़ोस से पूछा तो उन्होंने बताया कि गोली की आवाज सुनाई पड़ी तो तुरंत मृतक नितिन यादव की मां रूबी यादव को जानकारी दी तो वह बाजार से उल्टे पांव वापिस आई ऑर घर पर देखा तो नितिन यादव की लाश कमरे में पड़ी मिली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोटमार्टम के लिए भेज दिया गया है

## संस्कार परिवार ने किया 2 शवों का अंतिम संस्कार



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- महाकाल प्रभु की कृपा से आज चैत्र शुक्ल पूर्णिमा 16/04/2022 दिन शनिवार को संस्कार मानव सेवा समिति परिवार एटा ने कासगंज जनपद के जी.आर.पी.कासगंज के अज्ञात शव का अंतिम संस्कार पूर्ण हिंदू रीति रिवाज से मोक्ष धाम माल गोदाम रोड एटा पर कराया । कासगंज जनपद के कोतवाली सिढपुरा के अज्ञात शव का अंतिम संस्कार पूर्ण हिंदू रीति रिवाज से मोक्ष धाम माल गोदाम रोड एटा पर कराया शारीरिक स्थिति से पता नही चल पाया मृतक पुरूष था या महिला?

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## पत्रकारों से टकराओगे चूर-चूर हो जाओगे पत्रकार एकता जिंदाबाद

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कासगंज जनपद के कस्बा सिढपुरा में 7 अप्रैल को रात्रि 10 बजे बालू से भरे ट्रैक्टर जा रहे थे तभी वहां स्थानीय पत्रकार जयचन्द ने ट्रैक्टर रोककर वीडियो बनाई तभी मौके पर राजू चौहान,अवनीश गुप्ता,अजय प्रकाश गुप्ता,मिथुन गुप्ता,6 अज्ञात लोगों के साथ आये और वीडियो बना रहे पत्रकार से मोबाइल छीनने की कोशिश की और मारपीट व गाली-गलौज की और उल्टा थाना सिढपुरा पहुंचकर पीड़ित पत्रकार के खिलाफ मुकदमा लिखवा दिया जब इसकी जानकारी पत्रकार जयचन्द को हुई तो वह भी सिढपुरा कोतवाली पहुंचा उसका प्रार्थना पत्र लेने से पुलिस ने इंकार कर दिया तब मजबूर होकर जिले के सभी पत्रकारों ने कासगंज डीएम व एसएसपी महोदय के आवास के सामने धरना दिया तब जाकर कल दिनांक 16 अप्रैल को दबंग भाजपा नेताओं के खिलाफ कासगंज एसएसपी ने मुकदमा लिखाया सभी पत्रकार बंधु पुलिस कप्तान साहब का हार्दिक आभार व्यक्त करते है

# ओड़गी विकासखंड समेत जिलेभर के वनोपज प्रबंधक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## नियमितिकरण की है मांग,छः वर्षो से वेतन में नहीं हुई वृद्धि



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी- 34 वर्षों से नियमितिकरण की आस देख रहे सूरजपुर जिले के प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति ओड़गी समेत सभी विकासखंडों के समिति के प्रबंधक 11 अप्रैल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। प्रबंधकों के हड़ताल पर जाने से तेंदूपत्ता, महुआ फूल खरीदीं, लघूवनोपज संग्रहण, ग्रामीणों के बीमा योजना संबंधी जनता से जुड़े अनेक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस की सरकार द्वारा जन घोषणा पत्र में प्रबंधकों को तृतीय वर्ग कर्मचारी का दर्जा देकर नियमितिकरण करने का वादा किया था। किंतु 3 वर्ष बीतने के बाद भी इस पर कोई निर्णय नही किया गया। सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। जिससे प्रबंधको में सरकार के ढीले रवैया के चलते काफी रोष देखा जा रहा है।छत्तीसगढ़ राज्य प्रबंधक संघ के आव्हान पर सभी प्रबंधको ने अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय लिया है।प्रबंधक ऐसे ही रहे हड़ताल पर तो ग्रामीण हो सकते विभिन्न योजनाओं से वंचित-प्रबंधकों का कहना है हम अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे और सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो ग्रामीण विभिन्न योजनाओं से वंचित हो जाएंगे। क्योंकि सरकार का ही नियम है बीमा योजनाएं, छात्रवृत्ति योजनाएं, संघ के चुनाव लड़ने या किसी भी तेंदूपत्ता योजना का लाभ लेने संग्राहकों को कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण करना अनिवार्य है। प्रबंधकों ने राज्य सरकार को दिलाये थे 13 नेशनल अवार्ड- प्रबंधको के ही कड़ी मेहनत का नतीजा था जिसके कारण वर्ष 2020-21 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत वनोपजों के संग्रहण एवं विपडन हेतु राज्य शासन को 13 राष्ट्रीय अवार्ड मिले थे। जिससे सूरजपुर जिले समेत पूरे राज्य में खुशी की लहर है। इस वर्ष भी विगत वर्षों से ज्यादा वनोपज संग्रहण का लक्ष्य राज्य शासन द्वारा रखा गया है। किंतु प्रबंधको का विगत 34 वर्षों से हो रहे शोषण के चलते इस वर्ष लघु वनोपज के संग्रहण में कमी आ सकती है।छत्तीसगढ़ में हरा सोना कहा जाने वाला तेंदूपत्ता तोड़ाई में भी कुछ ही दिन रह गए हैं , सरकार यदि प्रबंधकों की मांगे नहीं मानी तो इससे गरीब वनवासियों को भारी नुकसान होगा। 6 वर्षो से वेतन में नही हुई वृद्धि प्रबंधको के साथ राज्य सरकार के दोहरे मापदंड और शोषण की हद इतनी बढ़ गई है कि विगत 6 वर्षो से प्रबंधकों का एक भी रुपये वेतन में वृद्धि नही की गई है। आज देश मे महंगाई जहां चरम सीमा पार कर चुकी है, वही प्रबंधको के साथ इस तरह दुर्व्यवहार एवं निंदनीय है। *हाथ में गंगाजल का कसम खाकर बनाया था जनघोषणा पत्र कांग्रेस सरकार ने गंगाजल की कसम खाकर जनघोषणा पत्र बनाया था जिसमे वनोपज प्रबंधकों को तृतीय वर्ग कर्मचारियों का दर्जा देकर नियमितीकरण की बात की गई थी। किंतु 3 वर्षो से अधिक होने के बाद भी आज तक उसपर कोई निर्णय नही हो सका।

# कंपिल नगर पंचायत के चेयरमैन के अवैध गेस्ट हाउस पर गरजा बुलडोजर



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-फर्रुखाबाद के सपा नेता एवं कंपिल नगर पंचायत के चेयरमैन उदय पाल यादवके गेस्ट हाउस पर चला बुलडोजर। तालाब की जमीन पर बनाए गएगेस्ट हाउस को एसडीएम कायमगंज की देखरेख में गिराने का काम शुरू कर दिया गया हैं कंपिल चेयरमैन व सपा नेता उदयपाल सिंह यादव के दो मंजिला गेस्ट हाउस पर प्रशासन ने शनिवार को बुलडोजर चलवा दिया। देखते-देखते दो मंजिला गेस्ट हाउस मलबे में तब्दील हो गया। अफसरों के मुताबिक, गेस्ट हाउस तालाब की भूमि पर बनाया गया था।

तहसीलदार की अदालत से शनिवार को गेस्ट हाउस गिराकर सरकारी भूमि खाली कराने का आदेश हुआ। इसके बाद एसडीएम गौरव शुक्ला, सीओ सोहराव आलम पुलिस और पीएसी लेकर कंपिल के पट्टी मदारी पहुंचे। यहां पहले से ही दो बुलडोजर मंगवा लिए गए थे। अफसरों के पहुंचते ही बुलडोजर से इमारत ढहाना शुरू हुआ तो मौके पर भीड़ लग गई। प्रशासन ने चौकसी बढ़ाते हुए अतिरिक्त फोर्स बुलवाई।

इस बीच दूसरी मंजिल तोड़ने में दिक्कत आने पर तीसरा बड़ा बुलडोजर मंगवाया गया और इमारत को ढहा दिया गया। गेस्ट हाउस में कई हाल और करीब 20 कमरे थे। एसडीएम ने बताया कि गेस्ट हाउस तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करके बनाया गया था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि अभी कुछ हिस्सा बचा है, रात होने के कारण काम रुकवाना पड़ा है। रविवार सुबह भी कार्रवाई जारी रहेगी। एसडीएम के अनुसार, मलबा व सामान को ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई से चेयरमैन समर्थकों में हड़कंप है

# पोलिंग के जीत से ही विधानसभा का जीत निश्चित साय



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़। भाजपा प्रदेश के संगठन महामंत्री पवनसाय व प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नंदन जैन भैयाथान मंडल के कार्यालय में कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर संगठन का पाठ पढ़ाया। मिली जानकारी अनुसार संगठन महामंत्री पवन साय व सह कोषाध्यक्ष नंदन जैन ने बीते शनिवार को भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं को संगठन का पाठ पढ़ाते हुए उन्होंने बारी बारी कार्यकर्ताओ का परिचय प्राप्त कर पोलिंग बूथ की स्थिति जानकारी ली।उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने पोलिंग बूथ को मजबूत करें जब हम बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीत पाएंगे।भाजपा संगठन हमेशा पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता गढ़ने का कार्य करती है ऐसे कार्यकर्ता तैयार हो जाते है तब चुनाव जीतना आसान होता है।पार्टी में कभी भी व्यक्ति बड़ा नही होता है बल्कि संगठन बड़ा होता है। नंदन जैन ने पत्रकारों के द्वारा खैरागढ़ के चुनाव के हार पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरा धनबल लगाकर चुनाव जीती है उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब आचार संहिता लगने के बाद भी सूबे के मुख्यमंत्री चुनाव जीतने हेतु जिला बनाने का घोषणा करना पड़ रहा है इससे समझा जा सकता है की सरकार से जनता कितना खुश है।स्थानीय प्रत्याशी की उठी मांग- बैठक में हार का कारण पूछने पर कार्यकर्ताओ ने बताया कि कांग्रेस का स्थानीय प्रत्याशी होना ही जीत का प्रमुख कारण है।भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी आगामी विधानसभा चुनाव हेतु स्थानीय उम्मीदवार की मांग करते हुए कहा कि यह सीट पहले भाजपा की परंपरागत सीट मानी जाती थी अगर पार्टी के द्वारा स्थानीय प्रत्याशी दिया जाता है

तो भाजपा का जीत इस विधानसभा से तय है। इस दौरान सत्यनारायण सिंह, रामू गोस्वामी, प्रकाश दुबे, राजीव प्रताप सिंह, अनुप सिन्हा,ददई कुशवाहा, राजेश तिवारी, आशीष प्रताप सिंह, राम बाई, सीताराम कुशवाहा, लालचंद शर्मा, शिव कुमार पांडेय,अमन प्रताप सिंह, विराट प्रताप सिंह,प्रदीप सारथी,आशीष गुप्ता, राकेश पाठक, कुमरेश दुबे,संदीप दुबे,विक्रम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस परेड ग्राउंड में वामा सारथी द्वारा आयोजित की गई आत्मरक्षा की कार्यशाला



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस परेड ग्राउंड में वामा सारथी द्वारा आयोजित की गई आत्मरक्षा की कार्यशाला, पुलिस अधिकारी / कर्मचारी, बच्चों को सिखाए आत्मरक्षा ( सेल्फ डिफेंस ) के गुण आज दिनांक 17.04.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में एवं स्थानीय वामा सारथी की अध्यक्षा के नेतृत्व में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिस के अधिकारियों/ कर्मचारियों , एवं उनके बच्चों को आत्मरक्षा ( सेल्फ डिफेंस ) के गुण सिखाए गए। आरटीसी में प्रशिक्षण पा रहे रिक्रूटो को भी इस संबंध में पूर्ण जानकारी दी गई। ट्रेनर श्री राजन सोलंकी ( ब्लैक बेल्ट ) द्वारा आत्मरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com